www.nagaurdaily.com
RNI Title-Code :- RAJBIL27027
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...






# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का पीएम मोदी ने किया लोकार्पण

## मोदी ने काशी से मांगे तीन वचन

## स्वच्छता, सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लिए निरंतर प्रयास...

वाराणसी.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का सोमवार को लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद उन्होंने रविदास घाट पर संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मोदी ललिता घाट से अलकनंदा क्रूज के जरिए रविदास घाट पहुंचे। इस दौरान उनके साथ क्क के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। पीएम मोदी गंगा आरती के लिए दशाश्वमेध घाट पहुंच चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने काशीवासियों के साथ-साथ पूरे देश से 3 संकल्प भी मांगे। उन्होंने कहा, कि मैं हर भारतीय को भगवान का अंश मानता हूं, देश के लिए बाबा की पवित्र धरती से तीन संकल्प चाहता हूं। उन्होंने स्वच्छता, सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लिए निरंतर प्रयास जैसे 3 संकल्प मांगे। इससे पहले मोदी ने मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ की और मंदिर के निर्माण में शामिल मजदूरों के साथ खाना खाया। उन्होंने प्रोजेक्ट में काम करने वाले मजदूरों पर फूलों की बारिश कर उन्हें सम्मानित किया और सीढ़ी पर बैठकर फोटो खिंचाई। पीएम मोदी ने यहां धर्माचार्यों से भी बातचीत की ।

प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण शुभ मुहूर्त रेवती नक्षत्र में दोपहर 1.37 बजे से 1.57 बजे 20 मिनट तक किया। मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत बाबा विश्वनाथ को प्रणाम करने के साथ भोजपुरी में की। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ के चरणों में हम शीश नवावत हैं। माता अन्नपूर्णा के चरणन के बार-बार वंदन करत हैं।

800 करोड़ रुपए की लागत से विश्वनाथ धाम का जीर्णोद्धार-काशी में मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट विश्वनाथ धाम को 800 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनाया गया है। इसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

# सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड टॉरपीडो का सफल परीक्षण

## नौसेना को मिली नई ताकत



नई दिल्ली।

रक्षा क्षेत्र में भारत लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को भारत ने लंबी दूरी की सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, ओडिशा स्थित बालासोर के तट से यह परीक्षण किया गया है। यह अगली पीढ़ी की ऐसी मिसाइल डिलीवरी सिस्टम है जो नौसेना को मजबूत करेगी। इसे नौसेना की नई ताकत बताया जा रहा है। एक रक्षा अधिकारी की तरफ से बताया गया है कि भारतीय नौसेना के लिए इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया जा रहा है। दरअसल, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की ओर से ओडिशा में बालासोर तट पर लंबी रेंज के सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड टॉरपीडो (स्न्न्क्र्ञ्) का यह सफल परीक्षण किया गया है। डीआरडीओ ने कहा कि इस प्रणाली को पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है जो पारंपरिक टॉरपीडो की रेंज से कहीं अधिक हैं। डीआरडीओ ने बताया कि परीक्षण के दौरान मिसाइल की सभी क्षमताओं का सफलतापूर्वक प्रदर्शन देखने को मिला। यह मिसाइल लाइट वेट एंटी सबमरीन टॉरपीडो सिस्टम में मददगार होगी। यह एक तरह की सुपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल है। इसके साथ एक कम वजन का टॉरपीडो लगा है जो पेलोड की तरह इस्तेमाल होता है। दोनों मिलकर इसे एक सुपरसोनिक एंटी-सबमरीन मिसाइल बना देते हैं यानी इसमें मिसाइल के फीचर्स भी मिलेंगे और पनडुब्बी नष्ट करने की क्षमता भी।

# जयपुर में ओमिक्रॉन के 4 और केस

## सबसे ज्यादा मरीजों वाला राजस्थान दूसरा राज्य बना

### नए वैरियंट से संक्रमितों की संख्या हुई 13

जयपुर.

जयपुर में ओमिक्रॉन के 4 और मरीज मिले हैं। इसी के साथ राजस्थान में ओमिक्रॉन संक्रमितों की संख्या 13 हो गई है। राजस्थान देश का दूसरा ऐसा राज्य बन गया है, जहां नए वैरिएंट के सबसे ज्यादा मरीज हैं। 18 मरीजों के साथ महाराष्ट्र पहले नंबर पर है। पूरे देश में 42 मरीज नए वैरिएंट के मिल चुके हैं। जयपुर के लिए राहत की बात यह है कि पूर्व में मिले 9 मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। इनमें से किसी में भी लक्षण नहीं थे। नए मिले 4 पॉजिटिव लोग वही हैं, जो पिछले दिनों दक्षिण अफ्रीका से लौट कर आए परिवार के संपर्क में आए थे। सीएमएचओ डॉ. नरोत्तम शर्मा ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका से लौटे परिवार के 4 सदस्यों के अलावा इनके संपर्क में आदर्श नगर जनता कॉलोनी का एक परिवार भी संपर्क में आया था। इसमें 5 लोग पहले ओमिक्रॉन संक्रमित मिल चुके थे। शेष 4 लोगों की रिपोर्ट और पॉजिटिव मिली है। इन संदिग्ध लोगों को पिछले दिनों आरयूएचएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था।

### नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद पिछले दिनों दे दी थी छुट्टी

सीएमएचओ ने बताया कि जिन लोगों की जीनोम सिक्रेंसिंग की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है, वे सभी अब घर पर हैं। आरयूएचएस में आज की तारीख में एक भी ओमिक्रॉन पॉजिटिव भर्ती नहीं है। इन लोगों को पिछले दिनों 5 दिसंबर को भर्ती करवाया था, लेकिन भर्ती करवाने के बाद से लेकर छुट्टी देने तक सभी की रिपोर्ट 2 बार से ज्यादा बार नेगेटिव आ चुकी थी। उनमें खांसी, बुखार, जुकाम, खराश आदि लक्षण नहीं थे। सभी को 9 दिसंबर को छुट्टी देकर 7 से 10 दिन के लिए होम क्वारैंटाइन किया है।



### देश में अभी ये है स्थिति

देश में ऑमिक्रॉन पॉजिटिव केसों की स्थिति देखें तो सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में 18 मिले हैं। इसके बाद राजस्थान में 13 मरीज हैं। इसी तरह गुजरात और कर्नाटक में 3-3, दिल्ली में 2, चडीगढ़, केरल और आंध्र प्रदेश में एक-एक संक्रमित मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत में जितने भी ऑमिक्रॉन संक्रमित केस मिले हैं, उसमें अधिकांश केस असिम्प्टोमटिक हैं। कुछ केस ऐसे हैं, जिनमें मामूली लक्षण मिले हैं। राजस्थान में सभी 13 केस असिम्प्टोमटिक हैं।

# राजस्थान में इस सप्ताह बड़ी नियुक्तियों की संभावना

जयपुर.

कांग्रेस की जयुपर रैली के बाद एक बार फिर अब राजनीतिक नियुक्तियों की चर्चा शुरू हो गई है। इस सप्ताह बड़ी तादाद में नेताओं को राजनीतिक नियुक्तियां देने की संभावना है। तीन साल से खाली बोर्ड-निगमों और आयोगों में अध्यक्ष बनाकर विधायकों को राजी करने पर विचार चल रहा है। संसदीय सचिव बनाए जाने पर भी इसी सप्ताह फैसले के आसार हैं। कांग्रेस की रैली के कारण यह काम अटक गया था, जिसे अब फिर से गति मिलने के आसार हैं।

17 दिसंबर को गहलोत सरकार की तीसरी वर्षगांठ है। इसी के आसपास संसदीय सचिवों की नियुक्ति के साथ बोर्ड निगमों में अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद कई विधायक नाराज हैं। उन्हें अब बोर्ड- निगमों में अध्यक्ष बनाकर या ससंदीय सचिव बनाकर राजी किया जाएगा। बसपा से कांग्रेस में आए 5 में से तीन विधायकों को खाली पड़े बोर्डों में अध्यक्ष बनाया जा सकता है। एक से दो को संसदीय सचिव बनाया जा सकता है। निर्दलियों और कांग्रेस विधायकों को भी एडजस्ट किया जाएगा। सरकार बने 17 दिसंबर को तीन साल पूरे हो रहे हैं। बोर्ड, निगमों और आयोगों में अध्यक्ष-सदस्यों के पद 3 साल से खाली चल रहे हैं। इनमें नेताओं को अध्यक्ष-सदस्यों के खाली पदों पर एडजस्ट किया जाएगा।

राजस्थान पर्यटन विकास निगम आरटीडीसी, राजस्थान राज्य बीज निगम, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति, लघु उद्योग विकास निगम, बुनकर सहकारी संघ,मेला विकास प्राधिकरण, जयपुर, जोधपुर,अजमेर विकास प्राधिकरण में अध्यक्ष पद, 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में उपाध्यक्ष और सदस्य, सेंटर फॉर डेवलपमट ऑफ वॉलेंटरी सेक्टर।

# बीकानेर, सीकर, चूरू, गंगानगर में राहत नहीं, 2 दिन बाद और बढ़ेगी ठंड

जयपुर.

राजस्थान में सोमवार को भले ही न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई हो, लेकिन सर्दी से कोई राहत नहीं मिली। सुबह से चल रही सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। आज भी जोधपुर, जैसलमेर, चूरू, हनुमानगढ़ समेत कई जगह आसमान में हल्के बादल और धुंध छायी रही। सीकर, चूरू समेत कई शहरों में आज न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। राज्य में सबसे कम तापमान फतेहपुर शेखावाटी में 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, कोटा, उदयपुर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के ऊपर चला गया। जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सबसे कम था। जयपुर मौसम केन्द्र के मुताबिक, आज डूंगरपुर में न्यूनतम तापमान में 4 अंक बढ़कर 15.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। उदयपुर में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 10.6 पर पहुंच गया। दक्षिणी राजस्थान के अन्य जिले चित्तौड़गढ़ में रविवार के मुकाबले तापमान में आज 3.7 डिग्री सेल्सियस और भीलवाड़ा में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई।

**प्रदेश में सबसे ठंडा दिन रहा जयपुर में**-जयपुर, सीकर, चूरू, बीकानेर, गंगानगर समेत उत्तरी राजस्थान में बीती रात से ठंडी हवाएं परेशान कर रही हैं। इन इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई। गंगानगर, चूरू, नागौर, सीकर, जयपुर में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया।

## सम्पादकीय



# मदद और मैत्री

अफगानिस्तान की मदद के लिए भारत ने फिर से कदम बढ़ाया है। संकट से जूझ रहे अफगान नागरिकों के लिए यहां से भारी मात्रा में जीवनरक्षक दवाओं की खेप भेजी गई है। जो विमान काबुल से भारतीय और अफगान नागरिकों को लेकर यहां आया था, उसी के जरिए यह खेप भेजी गई। जबसे अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता कायम हुई है, तबसे वहां भारत की गतिविधियां लगभग रुकी हुई थीं। शुरू में तो भारत लंबे समय तक यही तय नहीं कर पा रहा था कि वह तालिबान को मान्यता दे या न दे, क्योंकि पूरी दुनिया में तालिबान को एक दहशतगर्द संगठन माना जाता है और इस तरह किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कब्जा करके सत्ता बनाने वाली शक्तियों को मान्यता देना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध माना जाता है।

मगर उसी वक्त चीन और रूस ने तालिबान की सत्ता को समर्थन देना शुरू कर दिया था। भारत के सामने एक समस्या यह भी थी कि उसे अमेरिका का रुख भी देखना था। अमेरिका को पसंद नहीं कि कोई देश अफगानिस्तान की मदद करता। जब उसकी सेना वहां से हटी, तभी तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया था। इसलिए दुनिया के वे सभी देश तालिबान के विरोध में खड़े थे, जो अमेरिका के मित्र थे। मगर भारत के लिए अफगानिस्तान का वह महत्त्व नहीं है, जो अमेरिका के लिए है। अफगानिस्तान भारत का पड़ोसी है और पाकिस्तान का भी। पाकिस्तान के भारत से रिश्ते हमेशा तनाव भरे ही रहते हैं। ऐसे में अगर अफगानिस्तान का झुकाव भी उसकी तरफ रहेगा, तो भारत के लिए मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। इसलिए भारत ने शुरू से अफगानिस्तान के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखा है। तालिबान के कब्जे से पहले वहां भारत ने अनेक विकास परियोजनाओं में भारी धन लगा रखा है। तालिबान के आने के बाद उन परियोजनाओं पर प्रश्नचिह्न लग गया था। फिर जिस तरह चीन ने अफगानिस्तान में अपने पांव जमाने की कोशिश की, उससे भारत के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता था। इसलिए केवल अमेरिका की मुंहदेखी में भारत का अफगानिस्तान के खिलाफ खड़े होना कूटनीतिक रूप से सही नहीं था। अब जब रूस के साथ भारत के रिश्ते कुछ और मजबूत हुए हैं, भारत ने अमेरिका की परवाह न करते हुए रूस से अत्याधुनिक हथियारों का सौदा किया है, तब से स्थितियां काफी बदली हैं। पुतिन के भारत दौरे के बाद समीकरण थोड़े और बदल गए। रूस भी तालिबान के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है।

इस तरह भारत ने अफगानिस्तान को जीवनरक्षक दवाओं की खेप भेज कर न सिर्फ दुनिया के सामने अपना मानवीय पक्ष स्पष्ट किया है, बल्कि अफगानिस्तान के लोगों का दिल जीतने का भी प्रयास किया है और कूटनीतिक दृष्टि से भी बड़ा कदम उठाया है। चीन और अमेरिका दोनों को इससे स्पष्ट संकेत मिल गया है। भारत अभी अफगानिस्तान को पचास हजार टन अनाज और दवाओं की कुछ और खेप भेजने वाला है। यह खेप पाकिस्तान के रास्ते जानी है। पाकिस्तान ने इसके लिए रास्ता दे दिया है, उस पर दोनों तरफ के अधिकारी अंतिम बातचीत के दौर में हैं। तालिबानी हमले की वजह से अफगानिस्तान में बड़ी तबाही मची है, वहां के पारंपरिक कामकाज भी लगभग ठप हैं। ऐसे में वहां के लोगों के लिए भोजन और दवाओं की किल्लत झेलनी पड़ रही है। भारत से पहुंची यह मदद वहां के लोगों के लिए बड़ी राहत पहुंचाएगी।

# न्यूनतम कीमत अधिकतम लाभ

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम जैसी कई पहलें किसानों की बेहतरी के लिए की गईं, लेकिन परिणाम बेहतर नहीं आए। किसानों की दशा नहीं सुधरी। मौखिक रूप से किसानों को कोई भी अन्नदाता कह देता है, लेकिन कागज पर किसान आज भी अकुशल मजदूर है। छोटी-सी पान की दुकान चलाने वाला भी उद्यमी है, लेकिन किसान को यह सम्मान मयस्सर नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि किसानों के आर्थिक हालात अकुशल मजदूरों से भी बुरे हैं। नीति आयोग के नीति पत्र 'डबलिंग फार्मर्स इनकम' (रमेश चंद), 2017 के अनुसार, 22.5 फीसद किसान परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन जी रहे हैं। बिहार, झारखंड, ओडिशा और मध्यप्रदेश जैसे कई राज्यों में बीपीएल किसानों की संख्या तीस से पैंतालीस फीसद तक है। अशोक दलवाई समिति की 2017 की एक रपट देश में प्रति किसान परिवार की औसत मासिक आय 5,843 रुपए बताती है।**

**प्राकृतिक** आपदा के खतरे खेती पर अक्सर मंडराते रहते हैं, लेकिन उपज का उचित मूल्य न मिलना कृषि जगत पर हमेशा मंडराने वाली आपदा है। इसी आपदा का परिणाम है कि पचास फीसद से अधिक आबादी को आश्रय देने वाला क्षेत्र अर्थव्यवस्था में बीस फीसद योगदान कर रहा है, जबकि बाईस फीसद के साथ उद्योग जगत का अर्थव्यवस्था में योगदान लगभग छब्बीस फीसद है। कृषि प्रधान देश भारत में कृषि को किनारे रख कर अर्थव्यवस्था को आगे नहीं ले जाया जा सकता, यह बात लगभग हर किसी को समझ आ चुकी है। हालांकि कृषि क्षेत्र में सुधार की कवायद लंबे समय से चल रही है। अभी तक कोई सार्थक स्वरूप सामने नहीं आ पाया है। या कहें कि कृषि क्षेत्र के अनुरूप कोई सुधार सोचा ही नहीं गया। जो कुछ सोचा गया, उसके केंद्र में बाजार था, और कृषि को कच्चे माल की तरह इस्तेमाल किया गया। जाहिर है, ऐसे किसी सुधार से कृषि और किसानों का भला नहीं होने वाला है।

आमदनी के इसी आंकड़े के कारण देश में प्रति किसान परिवार पर औसतन सैंतालीस हजार रुपए का कर्ज है। केरल, आंध्रप्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु में कर्ज का औसत प्रति किसान परिवार क्रमशः 2,13,600 रुपए, 1,23,400 रुपए, 1,19,500 रुपए और 1,15,900 रुपए है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रपट बताती है कि कर्ज के कारण 2015 से 2019 के बीच चार साल के दौरान 55,266 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। कृषि जगत की यह तस्वीर डरावनी है। इसका एक बड़ा कारण है, कृषि उपज का उचित मूल्य न मिल पाना। प्राकृति आपदा के खतरे खेती पर अक्सर मंडराते रहते हैं, लेकिन उपज का उचित मूल्य न मिलना कृषि जगत पर हमेशा मंडराने वाली आपदा है। इसी आपदा का परिणाम है कि पचास फीसद से अधिक आबादी को आश्रय देने वाला क्षेत्र अर्थव्यवस्था में बीस फीसद योगदान कर रहा है, जबकि बाईस फीसद के साथ उद्योग जगत का अर्थव्यवस्था में योगदान लगभग छब्बीस फीसद है। विकास की वैश्विक परिभाषा में हालांकि उस देश को पिछड़ा माना जाता है, जहां सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि का योगदान अधिक होता है। लेकिन भारत को इस पैमाने से मापना उचित नहीं है, क्योंकि मौसम और मिट्टी इस देश को कृषि प्रधान बनाते हैं। नीति नियंता भी अब मौसम और मिट्टी के महत्व को समझ चुके हैं, लिहाजा अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी बढ़ाने की कोशिशें जारी हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी किसानों को हिस्सेदारी देने की एक कसौटी है।

देश में एमएसपी की कहानी खेती के आत्मनिर्भर ढांचे के टूटने के साथ शुरू होती है। जिस शून्य बजट वाली खेती की बात आज हो रही है, वह खेती यहां पहले से होती रही है और खेती का आदर्श माडल भी यही है। खेती के इसी माडल की मदद से भारत कभी सोने की चिड़िया भी था। अंग्रेजों ने खेती को खत्म करने का पूरा तंत्र खड़ा किया, और आजादी की चौखट तक आते-आते भारत की खेती दम तोड़ चुकी थी। देश के चौंतीस करोड़ लोगों के पेट भरने के लिए खाद्यान्न बाहर से मंगाने पड़े। उसी हड़बड़ी में हमने अपनी खेती को फिर से खड़ी



करने के बदले विदेशी खेती के तरीके अपना लिए। अमेरिकी कृषि विज्ञानी नार्मन बोरोलाग के ग्रीन रिवोल्यूशन का हरित क्रांति संस्करण एमएस स्वामीनाथन के नेतृत्व में भारत आ गया (1968)। खेती की यह व्यवस्था बाजार पर निर्भर थी और इससे बाजार को ही लाभ होना था। बीज, खाद, कीटनाशक, जुताई, सिंचाई, कटाई, मड़ाई हर चीज के लिए पैसे खर्चने पड़े। खेती का शून्य बजट सुरसा के मुंह की तरह बढ़ने लगा, लेकिन बाजार खाद्यान्न की लागत देने को तैयार नहीं था। यहीं पर लागत की भरपाई के लिए सरकार ने एमएसपी का आश्वासन दिया। निश्चित रूप से पंजाब और हरियाणा में हुए हरित क्रांति के प्रयोग से हम खाद्यान्न में फिर से आत्मनिर्भर हो गए।

मगर देश की आत्मनिर्भर खेती बाजार की गुलाम हो गई। हरित क्रांति की हवा देश के बाकी हिस्सों में भी पहुंची, लेकिन एमएसपी हर किसान तक नहीं पहुंच पाई। शांता कुमार समिति की रपट (2015) में मात्र छह फीसद किसानों की पहुंच एमएसपी तक बताई गई थी। लेकिन कृषि बाजार 2020 में बढ़ कर 63,506 अरब रुपए का हो गया। एमएसपी किसी उपज की न्यूनतम कीमत है, जिसे सरकार तय करती है। फिलहाल तेईस फसलें एमएसपी के दायरे में हैं। हर उत्पादक, निर्माता अपने उत्पाद को अधिकतम लाभ पर बेचने की उम्मीद करता है, लेकिन किसान को अपनी उपज की न्यूनतम कीमत भी उपलब्ध नहीं है। आर्गनाइजेशन फार इकानामिक को-आपरेशन ऐंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) और इंडियन काउंसिल फार रिसर्च आन इंटरनेशनल इकानामिक रिलेशंस आइसीआरआइईआर) की ओर से 2018 में किए गए एक अध्ययन (रिव्यू आफ एग्रिकल्चरल पालिसीज इन इंडिया) से पता चला है कि फसलों की खरीद एमएसपी के नीचे होने के कारण 2017-18 की दर के हिसाब से देश के किसानों को हर साल 2.65 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इस हिसाब से सन 2000 से 2016 तक यानी सत्रह सालों के दौरान हुए नुकसान की कुल राशि पैंतालीस लाख करोड़ रुपए बैठती है। एमएसपी की मौजूदा गणना के हिसाब से नुकसान की रकम पचास लाख करोड़ से ऊपर जाती है। अब इतना बड़ा नुकसान सहने वाला किसान भला कैसे जिंदा रह सकता है। घाटे में जाने पर निजी उद्यम बंद हो जाते हैं, सरकारी उपक्रम बेच दिए जाते हैं। लेकिन किसान घाटे की खेती से भी चिपका हुआ है, तो इसलिए कि इसे बंद करने का विकल्प नहीं है।

## बॉलीवुड समाचार

# भाई की जगह बहनों ने निभाई रस्म

## फूलों की चादर के नीचे कटरीना को विक्की के पास मंडप तक लेकर गईं 6 बहनें, कैट बोलीं-वे सभी मेरी ताकत के स्तंभ

कटरीना कैफ और विक्की कौशल 9 दिसंबर को राजस्थान में शादी के बंधन में बंधे थे। शादी के बाद से अब तक विक्की-कटरीना अपनी शाही शादी की कई फोटोज सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर कर चुके हैं। अब हाल ही में कटरीना ने शादी की कुछ नई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में वे लाल लहंगा पहने अपनी बहनों के साथ नजर आ रही हैं। फोटोज के साथ कटरीना ने अपनी बहनों के लिए एक इमोशनल नोट भी लिखा है।


### हम सभी बहनों ने हमेशा एक-दूसरे की रक्षा की है : कैट

कटरीना ने फोटोज शेयर कर लिखा, बड़े होते समय हम सभी बहनों ने हमेशा एक-दूसरे की रक्षा की है। वे सभी मेरी ताकत के स्तंभ हैं और हम सभी एक-दूसरे को जमीन से जोड़े रखते हैं। मेरी दुआ है कि यह सब हमेशा ऐसे ही बना रहे। फोटोज में कटरीना के साथ उनकी बहनें इसाबेल, मेलिसा, सोनिया, नताशा, क्रिस्टीन और स्टेफनी दिख रही हैं।

### कटरीना के लिए उनकी बहनों ने इस रस्म को पूरा किया

फोटोज में देखा जा सकता है कि कटरीना को उनकी शादी के दिन मंडप में विक्की के पास छोड़ने उनके भाई नहीं बल्कि बहनें आई थीं। पंजाबी रीति-रिवाज में भाई अपनी बहन को दूल्हे के पास चुनरी और फूलों की चादर में लेकर जाते हैं। लेकिन, कटरीना के लिए उनकी बहनों ने इस रस्म को पूरा किया। यह पल कटरीना कैफ के लिए बेहद खास था। कटरीना कैफ ने सवाई माधोपुर के सिक्स सेंसेस फोर्ट होटल में शादी की थी। इस शादी में कटरीना की बहनों ने रस्मों को निभाया। वहीं उनके भाई सेबस्टियन ने शादी में विक्की कौशल का अपने परिवार में दमदार स्वागत भी किया था।





# विक्की कौशल की अपकमिंग फिल्म 'सैम बहादुर' में नजर आएंगी सान्या मल्होत्रा और फातमा सना शेख

विक्की कौशल डायरेक्टर मेघना गुलजार के साथ अपकमिंग फिल्म सैम बहादुर में काम कर रहे हैं। सोमवार को मेघना जन्मदिन था और इस स्पेशल दिन में विक्की ने फिल्म की फीमेल लीड्स की एनाउंसमेंट किया है। सैम बहादुर परिवार में शामिल होने पर सान्या ने सोशल मीडिया पर इस खबर को शेयर करते हुए लिखा, हर सफल पुरुष के पीछे एक मजबूत इंडिपेंडेंट महिला होती है जो उसके सभी प्रयासों में उसका साथ देती है। यह बहुत सम्मान की बात है कि फिल्म में पत्नी सिल्लू मानेकशॉ का रोल करने का मौका मिला है।

**1971 के युद्ध के हीरो थे सैम मानेकशॉ :** इसी साल 3 अप्रैल को सैम मानेकशॉ के जन्मदिन पर फिल्म के टाइटल सैम बहादुर की घोषणा हुई थी। जबकि 13 दिसंबर को मेघना गुलजार के जन्मदिन पर सान्या और फातिमा की फिल्म में कास्टिग को लेकर घोषणा की गई है। साल 1971 की जंग के नायक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ को सैम बहादुर नाम से पुकारा जाने लगा था। सैम मानेकशॉ ने अपने 40 साल



के मिलिट्री करियर में 5 लड़ाइयों में न सिर्फ हिस्सा लिया था, बल्कि सबसे आगे देश के प्रहरी बनकर चट्टान की तरह खड़े नजर आए थे। वह इंडियन आर्मी के पहले ऐसे अधिकारी थे जिनका प्रमोशन फील्ड मार्शल की पोस्ट पर हुआ था। दिलचस्प बात यह भी है कि इस साल 1971 के युद्ध के 50 साल भी पूरे हो गए हैं।

**सान्या बनेंगी सिल्लू मानेकशॉ, फातिमा बनेंगी इंदिरा गांधी :** सैम बहादुर में विक्की कौशल जहां सैम मानेशॉ का किरदार निभाएंगे, वहीं सान्या मल्होत्रा उनकी पत्नी सिल्लू के किरदार में नजर आएंगी। फील्ड मार्शल मानेकशॉ ने कई मौकों पर यह कहा था कि उनकी पत्नी ही उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं। फिल्म में फातिमा सना शेख देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी।

### मेरे पास जश्न मनाने की कई वजहें : मेघना

दोनों ऐक्ट्रेसेज की कास्टिंग से खुश मेघना गुलजार कहती हैं, मेरे पास जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ है... 1971 के युद्ध में हमारी सेना की ऐतिहासिक जीत के 50 साल पूरे होने का हमें गर्व है। सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख का सैम बहादुर की टीम में शामिल होना रोमांचक है। फिल्म में इन दोनों ही किरदारों के लिए बहुत ही संवेदनशीलता, गरिमा और संयम की जरूरत है। मैं सान्या और फातिमा के साथ काम करने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।

# सुनील शेट्टी और मोहनलाल अभिनीत मरक्कार का प्राइम वीडियो 17 दिसम्बर को होगा डिजिटल प्रीमियर

मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल अभिनीत एडवेंचर पीरियड ड्रामा फिल्म Marakkar-The Lion Of Arabian Sea सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जा रही है। मूल रूप से मलयालम भाषा में बनी फिल्म तमिल और तेलुगु के साथ हिंदी में भी स्ट्रीम होगी। हिंदी में फिल्म का शीर्षक मरक्कार अरब सागर का शेर किया गया है। मरक्कार में सुनील शेट्टी ने भी एक अहम भूमिका निभायी है।

भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशक प्रियदर्शन ने फिल्म का निर्देशन करने के साथ इसे लिखा भी है। मरक्कार 17 दिसम्बर को प्राइम पर आ रही है। गौरतलब है कि फिल्म 2 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यानी थिएट्रिकल रिलीज के ठीक 15 दिनों बाद मरक्कार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ जाएगी। मरक्कार में मोहनलाल और सुनील शेट्टी के अलावा अर्जुन सरजा, मंजू वारियर, कीर्ति सुरेश, स्वर्गीय नेदुमुदी वेणु और प्रणव मोहनलाल ने भी अहम किरदार निभाये हैं। आशीर्वाद सिनेमाज़ के एंटनी पेरुंबवूर ने फिल्म का निर्माण किया है। पर्दे पर बड़े ही भव्य तरीके से प्रस्तुत की गई यह फ़िल्म एक पीरियड ड्रामा है, जो भारत के सबसे महान नौसेना प्रमुखों में से एक कुंजलि मरक्कार-IV की बायोपिक है।

# आज का राशिफल

### मेष
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा।

### वृषभ
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं।

### मिथुन
दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

### कर्क
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

### सिंह
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी।

### कन्या
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे।

### तुला
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृश्चिक
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

### धनु
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मकर
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी।

### कुंभ
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### मीन
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा।

# जलरंग चित्रांकन में मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के चित्रकार अव्वल

## राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कुसुम पारीक ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के होनहार चित्रकारों ने जयपुर में ललित कला अकादमी के सौजन्य से आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में महाविद्यालय के होनहार चित्रकारों ने अपनी तूलिका का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनायी। जयपुर में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय की एमए (फाइनल) में अध्यनरत छात्रा कुसुम पारीक द्वारा जलरंग निर्मित भू दृश्य में तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आरती कुमावत द्वारा मॉर्डन कृति में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय तथा शिक्षा नगरी कुचामन का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों के महाविद्यालय आगमन पर उनकी उपलब्धि पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां तथा प्राचार्य डॉ. एसआर कुमावत ने विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया।

### छात्राओं ने विभिन्न विधाओं की कृतियों का किया प्रदर्शन

महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष महेश कुमार सोनी ने बताया कि ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 41वीं चित्रकला प्रदर्शनी में महाविद्यालय की दोनों छात्राओं ने विभिन्न विधाओं की कृतियों का प्रदर्शन किया। जयपुर में आयोजित इस प्रदर्शनी में राज्य के वरिष्ट चित्रकार पंकज गहलोत, गोपाल आचार्य व वागाराम चौधरी के निर्णायक पैनल ने कुसुम पारीक तथा आरती कुमावत की कृतियों का चयन प्रथम स्थान के लिए किया।

महाविद्यालय के दोनों छात्राओं ने अपनी तूलिका का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने आरती द्वारा बनायी गयी स्कैच आर्ट तथा कुसुम पारीक द्वारा बनायी गयी जलरंग कृति की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्थान हासिल करने की बधाई दी।

### ये रहे उपस्थित-

सम्मान समारोह में डॉ. प्रतीक सोनी, डॉ. जितेंद्र चौबदार, बलवीर लोछब, दानाराम भींचर, सुखाराम चौधरी, जगदीश प्रसाद विश्नोई, दिव्या सिंह, कमलेश कुमार, मनीष मेघवंशी, सुरेश कुमार मिश्रा, निकिता शर्मा, शंकर लाल इत्यादि ने विधार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीडीया कला में प्रशासन गांवों के संग शिविर में जारी किए 521 आवासीय पट्टे

## जायल विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल, एसडीएम रविंद्र कुमार समेत सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी रहे मौजूद



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम पंचायत डीडिया कला में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन गांव के संग शिविर में सोमवार को आमजन को लाभ देने के लिए मौके पर ही अनेक तरह के कार्य किए गए, जिसमें नामांतरण 224, शुद्धि पत्र 75, बटवारा 13, रास्ते प्रस्ताव 7, सीमा ज्ञान 53, सहमति से वाद निस्तारण दो, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 24, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना 20, मुख्यमंत्री ने एकलनारी पेंशन योजना 2, पालनहार योजना 11, जनाधार वितरण 34, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति 14, जन्म मृत्यु पंजीकरण 494 , मर्दा कार्ड नमूना संग्रहण 102, मर्दा कार्ड वितरण 35, फव्वारा सिंचाई प्रस्ताव 2, ड्रिप सिंचाई प्रस्ताव 5, कृषि यंत्र प्रस्ताव 1, विद्युत सप्लाई समस्या समाधान 12, विद्युत मीटर संबंधी समस्या समाधान 6, रोडवेज पास 26 जारी किए गए, इस दौरान जायल विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल, जायल उपखंड अधिकारी रविंद्र कुमार समेत सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक ने नायकों की ढाणी विद्यालय का किया निरीक्षण

*राजकीय प्राथमिक विद्यालय नायको की ढाणी डिडिया खुर्द विद्यालय पिछले लगभग 11 सालों से बंद थी। 24 जून 2020 से पुनः चालू किया गया। विद्यालय का विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल निरीक्षण किया। वर्तमान मे 32 विद्यार्थी विद्यालय में नामांकित है। इस दौरान पीईईओ मिलापचंद भाटी, हनुमानराम नरादणियां, भोलाराम, रामकिशोर, मेहराम ईनाणीया उपस्थित रहे।*

# वार्ड नं. 26, 27, 30 व 32 के लिए आयोजित हुआ शिविर

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत नेहरू उद्यान परिसर नगरपालिका कुचामनसिटी में सोमवार को वार्ड नं. 26, 27, 30 व 32 के लिए शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कृषि भूमि के 49 पट्टे एवं स्टेट ग्रान्ट एक्ट अन्तर्गत 18 पट्टे, 69-ए अन्तर्गत 11 पट्टे तथा भवन

निर्माण स्वीकृति के 02 नामान्तरण के 03 प्रकरण निस्तारित किये गये। इसके अतिरिक्त अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी के 196 पट्टे तथा 42 जन्म-मृत्यु प्रकरण निस्तारित किये गये। इस प्रकार पालिका में लगभग 12.41 लाख रूपयों का राजस्व प्राप्त हुआ।

शिविर में पानी-बिजली, विकास, चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भी मौजूद थे, जिनके द्वारा आमजन की समस्याएं सुनी गई तथा निराकरण किया गया। शिविर में पालिका अधिशाषी अधिकारी श्रवणराम, कनिष्ठ अभियन्ता रविन्द्र देशवाल, सम्बन्धित वार्ड पार्षद अंकित डालूका, अब्दुल फैशल, जवानाराम, फूलचंद, बाबूलाल, इमरान खान, फारूख कलाल, अयुब शेख, खेताराम सिसोदिया, बून्दू अली, बाबूलाल कुमावत, सुरेश सिखवाल, इकराम भाटी, मनोनीत पार्षद सुरेश खींची व शेर खान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, आरीफ खान एवं अन्य पार्षदगण व पालिका कार्मिक महेश कुमार, कनवरलाल, महावीरप्रसाद कुमावत आदि उपस्थित रहे।

# कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला

## श्रीनगर में पुलिस बस पर आतंकवादियों ने फायरिंग की, 2 पुलिसकर्मी शहीद

श्रीनगर.




जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार शाम आतंकवादियों ने पुलिस बस पर हमला कर दिया। फायरिंग में 2 पुलिसकर्मी शहीद हो गए और 11 घायल हैं। इनमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। हमला जेवन इलाके के खोनमोह रोड के पंथा चौक में हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इंडियन रिजर्व पुलिस की 9वीं बटालियन की बस पर आतंकवादियों ने फायरिंग की। इलाके की नाकाबंदी कर दी गई है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

पुलिसकर्मियों की जिस बस पर हमला हुआ है, वो बुलेटप्रूफ नहीं थी। ज्यादातर पुलिस कर्मियों के पास शील्ड और लाठियां थी। बहुत कम पुलिसवालों के पास ही हथियार थे। आतंकियों ने बस को रोकने के लिए टायर पर फायरिंग की। इसके बाद बस पर 2 तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई।

# सांस्कृतिक विरासत को सदियों बाद प्राप्त हुआ गौरव : बलबीर सिंह

## भाजपा मण्डल की ओर से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का किया लाइव प्रसारण

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम भैंरुन्दा के बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर में हरसौर भाजपा मंडल की ओर से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कॉरिडोर के शुभारंभ संबंधी गतिविधियों को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने देखा। प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को भी सुना गया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि भव्य काशी-दिव्य काशी का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी के साकार करने पर सम्पूर्ण राष्ट्र कृत्यज्ञता व्यक्त करता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं सनातन आस्था के केन्द्रों को सदियों बाद पुनः गौरव प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में मोहब्बत सिंह गुढा, संयोजक हेमेंद्र सिंह शेखावत, संतराम इटावड़ा, अजीत सिंह जोधा, सत्यनारायण राव, कुलदीप सिंह, शैतान सिंह, कैलाश हलवाई, नेमीचंद बालोटीया, जगदीश पाराशर आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने देखा काशी विश्वनाथ धाम कोरिडोर के लोकार्पण समारोह का सीधा प्रसारण





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित भव्य काशी-दिव्य काशी कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए काशी विश्वनाथ धाम कोरिडोर के लोकार्पण समारोह का सीधा प्रसारण क्षेत्र के हजारों लोगो ने देखा। भाजपा कुचामन ग्रामीण मंडल के संयोजक पूसाराम कुमावत, पंचायत समिति सदस्य खारिया ने बताया कि ग्राम खारिया के राजस्व गांव रामनगर के रामेश्वर महादेव मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजनों ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विशाल ऑडिटोरियम के लोकार्पण कार्यक्रम को लाइव देखते हुए दिव्य काशी-भव्य काशी के दर्शन किए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुखिया देवीलाल कुमावत ने भी उपस्थिति दी और कहा कि अब ऐसा लगने लगा है कि आने वाले कल में भारत फिर से विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है। सभी श्रोताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को बड़े चाव से सुना। इस अवसर पर नारायणराम, प्रेमाराम, ईश्वर राम, गणेश राम, पवन टेलर, ओमप्रकाश पलाड़ा, मोहनलाल पुजारी, भंवरलाल राजूराम, देवाराम, भीमाराम, राजूराम, नरसी जांगिड़, जगदीश भंवर लाल, सीताराम सहित कई कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित रही।

# भाजपा खींवसर मंडल ने दिखाया दिव्य काशी का सीधा प्रसारण

हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय जनता पार्टी खींवसर शहर मंडल द्वारा शहर के मध्य स्थित भीरा मांजीसा मंदिर में दिव्य काशी भव्य काशी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के द्वारा किया गया, जिसको आमजन, संतो व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से देखा गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष अनोपा राम डूडी के द्वारा पुजारी हेमदास के सानिध्य में किया गया। महाराज ने काशी की महिमा तथा धर्म के 5 स्तंभों के बारे में बताया। गंगा नदी के किनारे मंदिर को नया रूप देने वाले काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का भव्य लोकार्पण करने वाले राष्ट्र के प्रणेता सच्चे त्यागी व निष्काम भाव से देश की सेवा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद देते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की।

इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा संतो का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर संयोजक मंडल खींवसर के दौलत सिंह व सहसंयोजक महेंद्र भाटी की पूरी टीम की देखरेख में देखा गया। इस दौरान राजूराम देवड़ा, नत्थू महाराज, अनिल भाटी, हरेंद्र भाटी, पीराराम प्रजापत सहित मौजूद रहे।



# काशी विश्वनाथ मंदिर का हुआ लाइव प्रसारण



मोहम्मद शहजाद

**मकराना ( मोहम्मद शहजाद )।** दिव्य काशी-भव्य काशी आयोजन के सानिध्य में आज काशी में बने बाबा विश्वनाथ धाम का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया, जिसका सीधा लाइव प्रसारण चला।

भाजपा परिवार चाहता था कि यह लोकार्पण पूरे भारत मे सीधा देखा जाए, जिससे हिन्दू रीति रिवाजों संस्कृति से आमजन मानस को अवगत कराया जा सके। यह आयोजन मकराना शहर मंडल अध्यक्ष भाजयुमो व कार्यक्रम संयोजक अजय सिंह पंवार गुणावती के सानिध्य में गुणावती ग्राम स्थित तुरत फुरत माताजी मंदिर में आयोजित हुआ। यह मंदिर प्राचीन काल से यहाँ स्थित है। इस कार्यक्रम में शहर मण्डल अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा यह लोकार्पण कर आज बाबा विश्वनाथ मंदिर को जन मानस के दर्शन हेतु समर्पित किया है। इस कार्यक्रम में घनश्यान सोनी मण्डल अध्यक्ष भाजपा, श्रवण सिंह राठौड़, मंदिर पुजारी महावीर वैष्णव, पुजारी मुकेश शर्मा, लक्ष्मण भाकर, कान सिंह गौड़, मंगेज सिंह, दशरथ सिंह,रोहित सिंह, बजरंग ओढ़, मुकेश सिंह राठौड़, श्याम सिंह, टकराज सिंह, आशीष पुरोहित, जितेंद सिंह गौड़, सुरेंद्र सिंह,चेना राम गुर्जर, रामेंद्र सिंह, रूपाराम ओढ़, किशोर विश्वास, अभिषेक शर्मा, शिवराज सिंह, जितेंद्र सिंह, महेंद्र, रौनक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीर साहब के हाथों हुआ इफ्तेताह



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( मोहम्मद शहजाद )।** शहर के सदर बाजार स्थित शकील अहमद गैसावत कॉम्प्लेक्स में सोमवार को चौहान फैशन का इफ्तेताह हुआ। इस दौरान फतेहपुर शेखावाटी की दरगाह के पीर साहब हजरत ख्वाजा हाजी नजमुद्दीन चिश्ती सुलैमानी की दरगाह के सज्जादानशीन व मुतवल्ली हजरत पीर गुलाम नसीर नजमी सुलैमानी चिश्ती अल फारुकी के हाथों हुआ। इस दौरान ओलमाए किराम के द्वारा कुरान ख्वानी की गई। इसके बाद फातेहा ख्वानी हुई और हजरत पीर साहब ने दुआएं खैर की। इस मौके पर मौलाना गुलाम सय्यद अली, मौलाना साबिर अली, मौलाना अराफात अली अजहरी, मौलाना रिजवान अली, हाजी फरीद अहमद गहलोत, शकील अहमद गैसावत, शाहरुख खान, खलील अहमद चौहान, हाफ़िज़ गुलाम सुलैमान, शकील अहमद चनाफ़रोश, गय्यूर अहमद टांक सहित अन्य मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य के दौरान हुआ झगड़ा व मारपीट

अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को घर में निर्माण कार्य के दौरान पत्थर व अन्य सामग्री घर के बाहर बिखर जाने से हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। खामियाद निवासी मुन्नाराम पुत्र खींयाराम मेघवाल ने रिपोर्ट देकर बताया कि मेरे घर में निर्माण कार्य चल रहा है कार्य के दौरान मेरी भाभी छोटी देवी पत्नी कुम्भाराम व भतीजा ओमप्रकाश घर मे घुसकर निर्माण कार्य को तोड़ने लगा तो मना करने पर ओमप्रकाश ने मेरे सिर पर लाठी से वार कर दिया। इस दौरान बीच बचाव के लिए आई मेरी पत्नी चुका देवी व पुत्री संजू के साथ भी मारपीट कर उसके बाल पकड़कर घसीटा। इस बीच उनके साथ आये डूंगाराम गुर्जर ने भी उनका सहयोग कर हमारे साथ मारपीट कर घायल कर दिया व गाली गलौच की है जिनपर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## भैंरुन्दा जीएसएस से जुड़े आधा दर्जन गाँवो में आज प्रभावित रहेगी विद्युतापूर्ति

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को भैंरुन्दा जीएसएस से जुड़े आधा दर्जन गाँवो में बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता सतपाल पड़गड़ ने बताया कि आवश्यक रखरखाव के चलते जावला, हरसौर, मोड़ीकलाँ,भकरी में प्रात: 10 से 1 बजे तक बिजली बंद रहेगी। निम्बड़ी एवं पालड़ी में प्रात: 8 से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## रांधड़ परिवार ने गौस्वामणी कर कमाया पुन्य



श्याम सुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के सत गोपाल गौशाला में प्रतिदिन भामाशाह के सहयोग से गौस्वामणी की जा रही है। गौशाला अध्यक्ष प्रकाश चंद गंगवाल ने बताया कि सर्दी के मौसम शुरु होते ही गौस्वामणी का दौर शुरु हो जाता है। जो भामाशाह के सहयोग से अनवरत तीन माह तक जारी रहता है। ग्रामीण भी गौशाला के लिए चारा, अनाज, रीजका, गुड़, पशु आहार (बंटा) सहयोग राशि आदि विभिन्न उत्सवो पर गौसेवा के माध्यम से भेजते रहते है। सोमवार को गो सवामणी कमला देवी रांधड़ निवासी मकराना हाल निवासी बेंगलुरु की तरफ से गौ माता को अर्पण की गई। गौशाला पदाधिकारियों ने रांधड़ परिवार का दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान गोशाला अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, गोसेवक बंशीलाल कुमावत, विजेन्द्र व रांधड परिवार के परिजन मौजूद थे।

## उपमुख्य सचेतक चौधरी ने किया प्रशासन गांवों के संग शिविर का निरीक्षण

### ग्रामीणों को 165 आवासीय मकानों के पट्टे, 100 नवीन जॉब कार्ड सौंपे गए

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को ग्राम पंचायत पांचवा में प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को 165 आवासीय मकानों के पट्टे, 100 नवीन जॉब कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पेंशन के पीपीईओ आदि सौंपे गये। शिविर प्रभारी बाबुलाल जाट उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी व बिजली, पानी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य अभियान से संबंधित विभागों के समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे है। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 134 नामान्तरकरण दर्ज किये गये, जमाबंदी के 415 खातों में नाम शुद्ध किया गया, 10 रास्तों के प्रकरणों का निस्तारण किया गये। रोड़वेज विभाग द्वारा 3 विशेष योग्यजन व 16 वरिष्ठ नागरिकों यात्रा पास जारी किये गये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विभिन प्रकार की सामाजिक सुरक्षा के तहत 21 पात्र लोगों को पेंशन जारी की गयी। शिविर के दौरान 172 जन्म प्रमाण पत्र जारी किये गये। शिविर में महेन्द्र चौधरी, उप मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार, शैलेन्द्र सिंह विकास अधिकारी पंचायत समिति कुचामनसिटी, कुलदीप तहसीलदार कुचामनसिटी उपस्थित रहे।

# नाबालिग की हत्या कर जमीन में गाड़ दिया शव

## ऑनलाईन गेम की बुरी लत के चलते चाचा बन गया कातिल

## फेक इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज कर 5 लाख की फिरौती मांगी

अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** ऑनलाईन गेम की लत ने रिश्ते में लगने वाले चाचा को अपने ही भतीजे का कातिल बना दिया। तीन पत्ती, ड्रेगन और फ्री फायर गेम की लत के चलते रिश्ते में लगने वाले चाचा ने अपने 12 साल के भतीजे की गला दबाकर हत्या कर उसकी लाश को जमीन में गाड़ दिया। इसके बाद असम में बैठे मृतक के अंकल को फेक इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज कर 5 लाख रुपए की फिरौती की मांग करने लगा। सोमवार सुबह लाडनूं पुलिस ने आरोपी नाबलिग को डिटेन कर उसकी निशानदेही पर गांव के तालाब किनारे जमीन में गड़े हुए शव व उसका मोबाईल बरामद कर लिया है।

### पांच लाख रुपये की मांगी फिरौती

थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह कमांडो ने बताया कि पांच दिनों पूर्व 8 दिसंबर को धुड़ीला गांव का नाबालिग अपनी मम्मी का मोबाइल लेकर घर से गायब हो गया था। उसके चाचा ने अगले दिन पुलिस थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उस को पबजी और फ्री फायर खेलने की आदत थी। इस पर पुलिस ने सायबर तकनीक से तलाश शुरू कर दी। इस बीच असम में बैठे उसके चाचा को एक इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज आया कि अगर बच्चे को ज़िंदा देखना चाहते हों तो फोनपे पर 5 लाख रुपए का इंतजाम कर पेमेंट भिजवा दो परिजनों ने इस बात की जानकारी पुलिस थाना लाडनूँ को दी।

### साईबर एक्सपर्ट की मदद से खुला राज

सीआई राजेन्द्र सिंह कमांडो ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल में ऑनलाइन मोबाइल की लोकेशन धुड़ीला गांव की मिली पुलिस ने सायबर तकनीक से जांच की तो जिस इंस्टाग्राम आईडी से फिरौती मांगी जा रही थी, उसका एड्रेस लोकेशन उसके गांव की ही आ रही थी। मृतक के मोबाइल में इंटरनेट दूसरे मोबाइल के हॉटस्पॉट से चलाया जा रहा था। पुलिस को मृतक के नाबालिग अंकल पर शक हुआ तो नाबालिग को पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने पूरा राज उगल दिया



### जमीन में गाड़ कर ऊपर मिट्टी डाल छुपाया शव

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उसके रिश्तेदार 16 वर्षीय नाबालिग चाचा ने अपने ही 12 वर्षीय भतीजे को मार कर उसका शव जमीन में गाड़ दिया, जिसे नागौर पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह, एडिशन एसपी, सीआई राजेन्द्र सिंह व एफएसएल टीम की मौजूदगी में गड्ढे से बाहर निकालकर राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चाचा मोबाइल में ड्रेगन, फ्री फायर और तीन पत्ती जैसे गेम खेलता है। इनमें लगातार हुई हार से उस पर कर्ज चढ़ गया था। उसे कुछ अन्य गलत आदतें भी थीं मृतक के पिता का आसाम में व्यापार व पेट्रोल पंप भी है। दोनों साथ ही ऑनलाइन मोबाईल पर गेम खेलते थे। उससे पैसे प्राप्त करने के चक्कर में उसने गांव के तालाब किनारे उसकी गला दबाकर हत्या कर दी व उसका मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया। आरोपी ने मृतक मासूम के मोबाइल से सिम निकालकर फेंक दी। फिर इंस्टाग्राम पर एक फेक आईडी बनाई। दूसरे मोबाइल नेटवर्क से हॉटस्पॉट कनेक्ट कर असम में रहने वाले अंकल को फेक इंस्टाग्राम से मैसेज कर फिरौती मांगने लगा। अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

## भाजपा व आरएलपी के प्रत्याशी डटे हैं मैदान में

### खींवसर पंचायत समिति के सदस्य उपचुनाव

हुक्माराम ताडा

**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर पंचायत समिति के सदस्यों का उपचुनाव को लेकर वार्ड नंबर 17 में दो उम्मीदवारों ने नामांकन 10 दिसंबर को जमा किए थे। 13 दिसंबर सोमवार 3 बजे तक नाम वापसी का समय था, लेकिन नाम वापसी में कोई भी उम्मीदवार नहीं पहुंचे। रिटर्निंग अधिकारी जीतू कुलहरी ने तीन बजे के बाद दोनों पार्टियों के चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि भाजपा से संतोष को चुनाव चिन्ह कमल का फूल आवंटित किया गया। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से पूनम सारण को चुनाव चिन्ह बोतल आवंटित किया गया। दोनों पार्टियों के चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद मैदान में अब भाजपा व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बीच मुकाबला रोचक देखने को मिलेगा।

## खेल-कूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता 14 व 15 को

### राजकीय सूरजमल भोमराजका स्कूल में होगी 48वीं मण्डल स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** 48वीं मण्डल स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2021-22 का आयोजन सूरजमल भोमराजका राजकीय माध्यमिक विद्यालय नं. 01 में 14 व 15 दिसम्बर को होगा। संयोजक एवं प्रधानाध्यापक सोहन राज बुरड़क ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह स्थानीय विद्यालय के प्रागण में प्रात: 10:30 बजे आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि बाबूलाल जाट उपखंड अधिकारी कुचामन, अध्यक्ष जगदीश राय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुचामन एवं विशिष्ट अतिथि चांदमल शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नावां होंगे। जगदीश राय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुचामन ने बताया कि शिक्षा विभाग के पंचाग के अनुसार इस प्रतियोगिता में अजमेर मंडल के चार जिलों नागौर, अजमेर, भीलवाड़ा एवं टोंक के मंत्रालयिक कर्मचारी संभागी भाग लेंगे, जिनका जिला स्तर पर चयन हुआ हैं।

### ये प्रतियोगिताएं होगी आयोजित

खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कब्बडी, बॉलीवॉल, बॉस्कैटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, केरम, फूटबॉल, शंतरंज, सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 800 मीटर, 200 मीटर, गोला/तस्तरी/भाला फेंक इत्यादि का आयोजन किया जायेगा। संयोजक एवं प्रधानाध्यापक सोहनराज बुरड़क ने बताया कि 14 अगस्त को प्रात: 11 से नागौर व टोंक तथा दोपहर 1:30 से 5:30 तक अजमेर व भीलवाड़ा के संभागी एवं सायं 5:30 से 7:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 15 दिसम्बर को प्रात: 8 से 12:30 तक सभी जिलो के प्रतिभागी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। ये प्रतियोगिताएं कुचामन महाविद्यालय कुचामन, जवाहर नवोदय विद्यालय कुचामन, सूरजमल भोमराजका माध्यमिक विद्यालय कुचामन एवं जवाहर राजकीय उच्च विद्यालय कुचामन के खेल मैदान में आयोजित की जायेगी। 15 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन समारोह होगा।

## लक्षित समूह चर्चा में आमजन को किया जागरूक

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता राकेश कुमार मुदगल की निर्देशन में अधिशाषी अभियंता महेश चन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में खटीक मोहल्ला दल्ला बालाजी रोड पर आरयूआईडीपी परियोजना से होने वाले विकास कार्यो में स्थानीय आमजन को जानकारी देतें हुए आमजन से सहयोग की अपील की तथा कार्य के दौरान रखने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया।




सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने आमजन को शहर में नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारें में साथ ही स्थानीय महिलाओं को बताया कि नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी निरन्तर एवं पूर्ण प्रेषर के साथ मिलेगा जल ही जीवन है, जितना हो सके उतना पानी कम खर्च करें पानी को व्यर्थ नहीं बहाएं, सब्जी धोने के बाद पानी को पेड़ पौधो में डाले, फर्श को पाइप से धोने की बजाय पौछे से साफ करें, सेविंग करते वक्त नल को खुलाना छोड़े मग में पानी लेकर सेव करें इस प्रकार की छोटी-छोटी आदतो से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है।

कैप के बाबूलाल गोठवाल ने आमजन से अपील की कि घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर ना फेंके नगर पालिका द्वारा लगाये गये कचरा पात्र में ही डालें या नगर पालिका द्वारा नियत स्थान पर डालें शहर को साफसुधरा सुन्दर स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही आमजन से अपील की आप सभी के पूर्ण सहयोग से परियोजना के कार्य समय पर पूरे होंगे और इनका लाभ आम जनता को मिलेगा।

इसके साथ ही एल एण्ड टी किशनसिंह ने कोरोना से बचाव हेतु अमजन को बताया कि एक दूसरे से कम से कम दो गज की दूरी बनाकर रखें, बार-बार साबुन से कम से कम 20 सेकेण्ड तक हाथ धोए, साथ ही सभी आमजन से अनुरोध है राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कोरोना वैक्सीन अभियान में अपना सहयोग देकर टीकाकरण अवष्य कराएं एवं दूसरों को भी टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करे। कार्यक्रम में कार्यालय के गोरधन लाल स्थानीय आमजन मदन नाथ, विजय कुमार चावला, पूनम, नवरती देवी, कान्ता देवी, संजु देवी सहित कई स्थानीय आमजन ने कार्यक्रम मे भाग लिया।

## भामाशाह ने जरुरतमंद 36 स्कूली बच्चो को बांटे स्वेटर



श्याम सुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठडी कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत पदमपुरा सरगोठ के ग्राम मांगलोदी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को भामाशाह द्वारा स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। शाला प्रधानाध्यापक भगवानाराम ने जानकारी देते हुए बताया कि कड़ाके की सर्दी का मौसम को ध्यान में रखकर स्थानीय भामाशाह ओंकारराम पोषक ने 36 जरुरतमंद स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरण किया। भामाशाह पोषक ने बताया कि समय-समय पर समाज सेवा का कार्य कर आमजन के सुख दुख में भागीदारी करने से मन को सुकून मिलता है। शाला प्रधानाध्यापक ने बताया कि सभी कार्य सरकारी सहायता से सम्भव नहीं है। इसलिए जनसहयोग से करवाया जाता है। वहीं शाला प्रधान ने भामाशाह का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया।

## लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### पेड़ो की अंधाधुंध कटाई पर्यावरण के लिए घातक

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने सोमवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव पालड़ी के राजकीय विद्यालय में ट्री गार्ड सहित पौधरोपण कर प्रान्त 3233 ई-2 द्वारा निर्धारित सेवा सप्ताह अभियान का आगाज किया। संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, सचिव लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, सर्विस चैयरपर्सन लॉयन प्रहलाद रांकावत ने विद्यालय पहुंचकर अध्यापक किशनलाल कुमावत, अमरचंद मुंडोतिया, शिंभूसिंह मेड़तिया, सुरेश वर्मा, परमाराम चौधरी, किशनलाल खींची, पुसाराम चौधरी, सरदारमल कुमावत के साथ पौधरोपण कर सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए। लॉयन राम काबरा ने बताया पेड़ पौधों का पर्यावरण संरक्षण एवं हमारे जीवन के लिए कितना महत्व है। इस बात का अहसास कोरोना महामारी में हुई ऑक्सीजन की किल्लत से सभी को हुआ है फिर भी इंसान अपने स्वार्थ के लिए इनकी अंधाधुंध कटाई कर रहा है, जो पर्यावरण के लिए घातक है। सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर इनका संरक्षण भी करना चाहिए, जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे, साथ ही प्राकृतिक ऑक्सीजन भी मिलती रहे। लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने बताया कि पौधों के देखरेख की जिम्मेदारी लेने पर उपस्थित अध्यापकों का पर्यावरण मित्र के रूप में क्लब द्वारा माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com